पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में निर्माणाधीन विरासत गलियारे का निरीक्षण किया

**विरासत गलियारे से किसी भी दुकानदार का हित बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा : मुख्यमंत्री**

**जिन दुकानदारों की पूरी दुकान इस गलियारे के दायरे में आ गई है या फिर जिनकी दुकानों का आकार बहुत छोटा हो गया है, उन्हें एक कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाकर, उसमें दुकानें दी जाएंगी**

**मुख्यमंत्री ने इस नई व्यवस्था के लिए गोरखपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम के अधिकारियों को जरूरी तैयारियां करने के निर्देश दिए**

**कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को विरासत गलियारे का निर्माण कार्य तेज करने और गुणवत्ता पर विशेष जोर देने के निर्देश**

**गलियारे के निर्माण के दायरे में जितने भी मकान और दुकान आए हैं, उनका मुआवजा हर हाल में दिया जाना सुनिश्चित होना चाहिए**

**मुख्यमंत्री ने पाण्डेयहाता चौराहा, घण्टाघर, हजारीपुर और जटाशंकर चौराहा पर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली**

**लखनऊ : 04 नवम्बर, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज गोरखपुर में निर्माणाधीन विरासत गलियारे का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि धर्मशाला बाजार से पाण्डेयहाता तक बन रहे विरासत गलियारे से किसी भी दुकानदार का हित बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। जिन दुकानदारों की पूरी दुकान इस गलियारे के दायरे में आ गई है या फिर जिनकी दुकानों का आकार बहुत छोटा हो गया है, उन्हें एक कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाकर, उसमें दुकानें दी जाएंगी। मुख्यमंत्री जी ने इस नई व्यवस्था के लिए गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जी0डी0ए0) और नगर निगम के अधिकारियों को जरूरी तैयारियां करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विरासत गलियारे का निर्माण कार्य तेज करने और गुणवत्ता पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में किसी भी तरह की लापरवाही अक्षम्य होगी।

विरासत गलियारा का निरीक्षण करने के दौरान मुख्यमंत्री जी ने पाण्डेयहाता चौराहा, घण्टाघर, हजारीपुर और जटाशंकर चौराहा पर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। वह सबसे

पहले पाण्डेयहाता चौराहा पहुंचे। शिवम टावर के पास ड्राइंग मैप देखने के बाद उन्होंने कहा कि इस गलियारे के निर्माण के दायरे में जितने भी मकान और दुकान आए हैं, उनका मुआवजा हर हाल में दिया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। कोई भी छूटना नहीं चाहिए। यदि किसी नागरिक की दुकान शत–प्रतिशत प्रभावित हो गई हो या अत्यंत छोटी हो गई हो, तो उनके कारोबारी समायोजन के लिए जी0डी0ए0 या नगर निगम की तरफ से एक कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाया जाए। मुख्यमंत्री जी ने टूट रही दुकानों के मलबे का निस्तारण करने, सड़क का स्लोप बेहतर करने और तारों को अण्डरग्राउण्ड करने के निर्देश दिए।

इसके उपरान्त मुख्यमंत्री जी ने घण्टाघर में विरासत गलियारे के साथ ही, घण्टाघर के सौन्दर्यीकरण प्रोजेक्ट की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विरासत गलियारा के तहत सड़क का निर्माण बीच–बीच मे न करके एक तरफ से किया जाए ताकि दुकानदारों को अपनी दुकानों को पुनर्व्यवस्थित करने में किसी तरह की परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री जी ने निरीक्षण के क्रम में हजारीपुर में निर्माण का ले–आउट देखने के बाद सख्त चेतावनी दी कि सड़क का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। गुणवत्ता में किसी तरह की खामी पाई गई, तो जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्य में तेजी लायी जाए। गुणवत्ता तथा समय सीमा, दोनों के मामले में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विरासत गलियारे का निरीक्षण करने के क्रम में मुख्यमंत्री जी जटाशंकर चौराहा पहुंचे। यहां उन्होंने सड़क पर पर्याप्त पथ प्रकाश के लिए नाली के पार स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क का स्लोप अच्छा हो और नाले पर समतल स्लैब डालें जाएं ताकि इसका इस्तेमाल फुटपाथ के रूप में हो सके।

\-\-\-\-\-\-\-\-

***PN-CM-Gorakhpur Visit-Inspection-Virasat Galiyara-04 November, 2025.doc***